# आमंत्रण

IISER PUNE

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे

## स्थापना दिवस व्याख्यान-2025

***शिक्षा में उत्कृष्टता और प्रासंगिकता:***
***परंपरा, परिवर्तन और चुनौतियाँ***

में आपको सादर आमंत्रित करता है।

*व्याख्याता*

**प्रो. के. एन. गणेश**

एसईआरबी राष्ट्रीय विज्ञान चेयर,
जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र (जेएनसीएएसआर), बेंगलुरु,
संस्थापक निदेशक, आईआईएसईआर पुणे और आईआईएसईआर तिरुपति

**सोमवार, 7 अप्रैल, 2025 को प्रात: 11 बजे**

*स्थान*

**सी. वी. रमन प्रेक्षागृह**
लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स, आईआईएसईआर पुणे



**प्रो. के. एन. गणेश**
एसईआरबी राष्ट्रीय विज्ञान चेयर
जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक
अनुसंधान केन्द्र (जेएनसीएएसआर), बेंगलुरु

प्रो. गणेश न्यूक्लिक एसिड रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने डीएनए एनालॉग्स के चिकित्सीय और नैदानिक अनुप्रयोगों, कोलेजन पेप्टाइड्स के संरचनात्मक जीव विज्ञान और डीएनए नैनोटेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्र पर व्यापक शोध योगदान दिया है। वे प्रभावी कोशिका संचरण के लिए पेप्टाइड न्यूक्लिक एसिड (पीएनए) एनालॉग्स के डिज़ाइन और विकास में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनके पास प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में 175 से अधिक प्रकाशन, 2 अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट हैं और उन्होंने 49 छात्रों को उनकी डॉक्टरेट की डिग्री के लिए मार्गदर्शन किया है।

सेंट्रल कॉलेज, बैंगलोर विश्वविद्यालय (1972) से स्नातक और निष्णात की डिग्री प्राप्त करने के बाद, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (1976) से रसायन विज्ञान में अपनी पहली पीएचडी डिग्री और यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज, यूके (1980) से दूसरी पीएचडी डिग्री प्राप्त की। प्रो. गणेश ने वर्ष 1981 में सीएसआईआर–सीसीएमबी, हैदराबाद में कार्यभार ग्रहण किया, जहाँ उन्होंने डीएनए और आरएनए के रासायनिक संश्लेषण की शुरुआत की, जब स्वचालित मशीनें उपलब्ध नहीं थीं। मई 1987 में वे न्यूक्लिक एसिड और पेप्टाइड्स के जैव–कार्बनिक रसायन विज्ञान में एक नया कार्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे चले गए। वर्ष 1993 से 2006 तक उन्होंने कार्बनिक रसायन प्रभाग के प्रमुख के रूप में कार्य किया। वह दो आईआईएसईआर, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) पुणे (जून 2006 – अक्टूबर 2017) और तिरुपति (नवम्बर 2017 – अप्रैल 2023) के संस्थापक और पहले निदेशक हैं। वर्तमान में, वह जेएनसीएएसआर, बेंगलुरु में एसईआरबी राष्ट्रीय विज्ञान चेयर है।

डॉ. गणेश को रासायनिक विज्ञान के लिए शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (सीएसआईआर) और द वर्ल्ड अकेडमी ऑफ साइंस (टीडब्ल्यूएएस) से रासायनिक विज्ञान पुरस्कार सहित अनगिनत पेशेवर पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वह भारत की सभी तीन विज्ञान अकादमियों के अध्येता और टीडब्ल्यूएएस के अध्येता हैं। उन्होंने केमिस्ट्री, एन एशियन जर्नल (विले), जे ऑर्गेनिक केमिस्ट्री (एसीएस), बेइलस्टन जे ऑर्गेनिक केमिस्ट्री, ओलिगोन्यूक्लियोटाइड्स और न्यूक्लिक एसिड थेरेप्यूटिक्स सहित विभिन्न जर्नलों के संपादकीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य किया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अमेरिकन केमिकल सोसाइटी के पहले ओपन एक्सेस जर्नल एसीएस ओमेगा (वर्ष 2016 से) के संस्थापक प्रधान संपादक हैं। वह वर्ष 2011–2013 के दौरान वह आईयूपीएसी के डिवीजन III के अध्यक्ष थे। उन्होंने सीएसआईआर, डीएसटी और डीबीटी की कई वैज्ञानिक समितियों के सदस्य और अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। प्रो. गणेश वर्तमान में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (पुणे), एसआरएम यूनिवर्सिटी (चेन्नै और अमरावती), गुजरात बायोटेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (गांधीनगर), आईआईएसईआर बरहमपुर, शिव नादर यूनिवर्सिटी, जेएनसीएएसआर और बोस इंस्टीट्यूट (कोलकाता) के शासी निकायों और सलाहकार भूमिकाओं से जुड़े हुए हैं।

न्यूक्लिक एसिड पर शिक्षण और अनुसंधान, विज्ञान शिक्षा और संस्थान निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2023 में नागरिक सम्मान ''पद्मश्री'' से सम्मानित किया। हाल ही में, जुलाई 2024 में, प्रो. गणेश को केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीआरएसआई) के लाइफ टाइम अचीवमेंट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था।

## कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| प्रात: 1100 बजे | गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत |
| प्रात: 1105 बजे | निदेशक रिपोर्ट |
| प्रात: 1115 बजे | मुख्य अतिथि का परिचय |
| प्रात: 1120 बजे | प्रो. के. एन. गणेश द्वारा स्थापना दिवस व्याख्यान |
| मध्याह्न 1200 बजे | छात्रों, संकाय और कर्मचारियों को स्थापना दिवस पुरस्कार |
| अपराह्न 1220 बजे | अधिष्ठाता, शैक्षणिक, आईआईएसईआर पुणे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन |

*कृपया प्रात: 1055 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करें।*

*कृपया कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने से पहले अपना मोबाइल बंद कर लें।*

# Invitation

IISER PUNE

**Indian Institute of Science Education and Research** Pune

*cordially invites you to the*

# FOUNDATION DAY LECTURE-2025

## *Excellence and Relevance in Education: Tradition, Transition and Challenges*

*to be delivered by*

## Prof. K.N. Ganesh

SERB National Science Chair, Jawaharlal Nehru Centre for Advanced Scientific Research (JNCASR), Bengaluru

Founder Director, IISER Pune and IISER Tirupati

on

**Monday, April 7, 2025 at 11 am**

*Venue*

**C. V. Raman Auditorium**

Lecture Hall Complex, IISER Pune



**Prof. K.N. Ganesh**
**SERB National Science Chair**
**Jawaharlal Nehru Centre for Advanced Scientific Research (JNCASR), Bengaluru**

Prof. Ganesh is a renowned scientist in the field of Nucleic Acid Chemistry and Biology with extensive research contributions on therapeutic and diagnostic applications of DNA analogues, structural biology of collagen peptides and the emerging area of DNA nanotechnology. He is well-known for his contributions to designing and developing Peptide Nucleic Acid (PNA) analogues for effective cell permeation. He has more than 175 publications in reputed international journals and 2 international patents, and has guided 49 students for their doctoral degrees.

After his Bachelor's and Master's degrees from Central College, Bangalore University (1972), he obtained his first PhD degree in Chemistry from Delhi University (1976) and a second one from the University of Cambridge, UK (1980). Prof. Ganesh joined CSIR-CCMB, Hyderabad, in 1981, where he initiated the chemical synthesis of DNA and RNA when automated machines were not available. He moved to the National Chemical Laboratory, Pune, in May 1987, to initiate a new programme in bioorganic chemistry of nucleic acids and peptides. From 1993 to 2006, he served as the Head of the Organic Chemistry Division. He is the Founder and first Director of two of the IISERs, Indian Institutes of Science Education Research (IISER) Pune (June 2006-October 2017) and Tirupati (November 2017- April 2023). Currently, he is SERB National Science Chair at JNCASR, Bengaluru.

Prof. Ganesh has received innumerable professional awards including the Shanti Swarup Bhatnagar Award in the Chemical Sciences category (CSIR) and the Chemical Sciences Prize from The World Academy of Science (TWAS). He is a Fellow of all the 3 science academies in India and a Fellow of TWAS. He has served as a member of the Editorial Advisory Boards of various journals including *Chemistry, An Asian Journal* (Wiley), *J Organic Chemistry* (ACS), *Beilsten J Organic Chemistry*, *Oligonucleotides* and *Nucleic Acid Therapeutics*. He is the founding Editor-in-Chief of ACS Omega (since 2016), the first open-access journal of the American Chemical Society. He was the President of Division III of IUPAC during the years 2011-2013. He has served as a member and Chair of several scientific committees of CSIR, DST and DBT. Prof. Ganesh is currently associated with Symbiosis International University (Pune), SRM University (Chennai and Amaravati), Gujarat Biotechnology University (Gandhinagar), IISER Berhampur, Shiv Nadar University, JNCASR and Bose Institute (Kolkata) in their governing bodies and in advisory roles.

Due to his eminent contributions to teaching and research on nucleic acids, science education and institution building, the Government of India bestowed on him the civilian honour “Padma Shri” in 2023. Recently, in July 2024, Prof. Ganesh was conferred with the Lifetime Achievement Gold Medal of the Chemical Research Society of India (CRSI).

## Programme

| | |
|---|---|
| 1100 hrs | Welcome of Dignitaries |
| 1105 hrs | Director's Report |
| 1115 hrs | Introduction of the Chief Guest |
| 1120 hrs | Foundation Day Lecture by Prof. K.N. Ganesh |
| 1200 hrs | Foundation Day awards to students, faculty and staff |
| 1220 hrs | Vote of Thanks by Dean, Academics, IISER Pune |

Kindly be seated by 1055 hrs.
Please switch off your mobile before entering the venue.